राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से श्री हरिवंश मिले

जयपुर, 29 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में राज्यसभा के उप सभापति श्री हरिवंश ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से श्री हरिवंश की यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल श्री मिश्र ने श्री हरिवंश को शॉल ओढ़ाया। श्री मिश्र ने श्री हरिवंश को अपनी नवप्रकाशित पुस्तक ''भारत में उद्यमिता'' की प्रति भी भेंट की।

राज्यपाल रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण सम्मेलन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे– राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रविवार को ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ब्राह्मण सम्मेलन में भाग लेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान